दिनांक 20.11.2026
प्रेस विज्ञप्ति 584/2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद कौशाम्बी/थाना मंझनपुर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **चोरी के 03 लाख रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 20.11.2026 को थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 02 अभियुक्तों 1–अलीजान 2–शाकिर अहमद को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण, चोरी के 03 लाख रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना मंझनपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना मंझनपुर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपये चोरी की घटना से सम्बन्धित हैं। गिरफ्तार अभियुक्त अलीजान के विरूद्ध जनपद हापुड़, बांदा, अलीगढ़, कमिश्नरेट गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर व कानपुर नगर के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट आदि के 14 अभियोग व अभियुक्त शाकिर अहमद के विरूद्ध कमिश्नरेट गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना मंझनपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–अलीजान निवासी शिवदयालपुरा मजीदपुर थाना हापुड़ जनपद हापुड़ वर्तमान पता मोहल्ला लडपुरा आदर्श नगर वार्ड नं0–08 कस्बा व थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़।
2–शाकिर अहमद निवासी ग्राम दाह थाना दोघट जनपद बागपत।

बरामदगी

1–चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–चोरी के 03 लाख रूपये नगद।

3–घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि।

जनपद बुलन्दशहर/थाना खुर्जानगर

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **20 अवैध तमंचा 315 बोर मय 03 जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 20.11.2026 को थाना खुर्जानगर व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अगवाल अंडर पास के नीचे से 03 अभियुक्तों 1–रविन्द्र 2–रमन 3–कृष्णा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही 20 अवैध तमंचा 315 बोर मय 03 जीवित कारतूस बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना खुर्जानगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–रविन्द्र निवासी बेरिया वाला ग्राम मुण्डाखेड़ा थाना खुर्जानगर जनपद बुलन्दशहर।

2–रमन निवासी मोहल्ला जाटवान कस्बा जहॉगीरपुर थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर।

3–कृष्णा निवासी मोहल्ला कुम्हारन कस्बा जहॉगीरपुर थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी

1–20 अवैध तमंचा 315 बोर मय 03 जीवित कारतूस।

कमिश्नरेट लखनऊ/अपराध शाखा

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 25 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 48 किलो 80 ग्राम अवैध गांजा**
- **02 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त कार बरामद**

दिनांक 19.11.2026 को कमिश्नरेट लखनऊ अपराध शाखा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 02 अभियुक्तों 1–प्रकाश 2–जय आनन्द को गिरफ्तार किया

गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 25 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 48 किलो 80 ग्राम अवैध गांजा, 02 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त कार बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना अलीगंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–प्रकाश निवासी विष्णुपुरी कालोनी पोंगहट पुल, बमरौली थाना धूमनगंज, प्रयागराज।

2–जय आनन्द निवासी अवध विहार योजना थाना सुशान्त गोल्फ सिटी, लखनऊ मूलपता–सेक्टर आई जानकीपुरम लखनऊ।

बरामदगी

1–लगभग 25 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 48 किलो 80 ग्राम अवैध गांजा।

2–02 मोबाइल फोन।

3–घटना में प्रयुक्त कार।

जनपद सम्भल/थाना बहजोई

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **07 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर**
- **01 जीवित कारतूस 315 बोर**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 20.11.2026 को थाना बहजोई पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 02 अभियुक्तों 1–अनस उर्फ तौफीक 2–सुनील कुमार को गिरफ्तार किया गया तथा एक बालअपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 07 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर, 01 जीवित कारतूस 315 बोर, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना बहजोई पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–अनस उर्फ तौफीक निवासी मोहल्ला पुराना कार्यालय नगर पंचायत कस्बा व थाना फैजगंज बेहटा जनपद बदायूं।

2–सुनील कुमार निवासी ग्राम रूदायन थाना इस्लामनगर जनपद बदायूं।

बरामदगी

1–07 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर।

2–01 जीवित कारतूस 315 बोर।

3–अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे ।

4–01 मोटर साइकिल आदि।

- **कमिश्नरेट आगरा/थाना ताजगंज (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

कमिश्नरेट आगरा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय आगरा द्वारा थाना ताजगंज पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त सौरभ उर्फ गौरव को आजीवन कारावास व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

———————